# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा – 846004

## अभिषद् की बैठक दिनांक 25.01.2025 का कार्यवृत्त

समयः– 11:30 बजे अपराह्न
स्थान – कुलपति आवासीय कार्यालय का सभाकक्ष
उपस्थितिः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो0 संजय कुमार चौधरी, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 3. डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 4. डॉ0 गोपाल जी ठाकुर | – | सदस्य |
| 5. डॉ0 फैयाज अहमद | – | सदस्य |
| 6. श्री लक्ष्मेश्वर राय | – | सदस्य |
| 7. प्रो0 अजय नाथ झा | – | सदस्य |
| 8. प्रो0 विजय कुमार यादव | – | सदस्य |
| 9. प्रो0 अशोक कुमार मेहता | – | सदस्य |
| 10. प्रो0 नौशाद आलम, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 11. प्रो0 शाहिद हसन, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 12. प्रो0 कृष्ण कान्त झा, प्रधानाचार्य | – | सदस्य |
| 13. डॉ0 श्याम चन्द्र गुप्ता, प्रधानाचार्य | – | सदस्य |
| 14. डॉ0 अमर कुमार | – | सदस्य |
| 15. प्रो0 धनेश्वर प्रसाद सिंह | – | सदस्य |
| 16. डॉ0 अजय कुमार पंडित, कुलसचिव | – | सचिव। |

माननीय अध्यक्ष महोदय को कुलसचिव द्वारा गणपूर्ति की सूचना प्रदान करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रांरभ करने की अनुमति मांगी गई। अनुमति प्राप्ति के उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए कुलसचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अभिषद् की विधिवत् कार्यवाही प्रारंभ की गई।

निम्नांकित मदों पर विचार किया जायः–

मद सं0 1. अभिषद् की गत बैठक दिनांक 22.01.2025 के कार्यवृत्त के सम्पुष्टि पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, अभिषद् की बैठक दिनांक 22.01.2025 के कार्यवृत्त को सम्पुष्ट किया गया। साथ ही अन्यान्य मद संख्या 07 में अधिषद् बैठक भवन के साथ अभिषद् बैठक भवन भी जोड़े जाने का निर्णय लिया गया।**



Scanned with OKEN Scanner

मद सं0 2. अभिषद् की गत बैठक दिनांक 22.01.2025 के अनुपालन–प्रतिवेदन पर विचार।

**निर्णयः** **सर्वसम्मति से, अभिषद् की बैठक दिनांक 22.01.2025 के अनुपालन– प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया।**

मद सं0 3.वित्त समिति की बैठक दिनांक 23.01.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार।

**निर्णयः** **वित्त समिति की बैठक दिनांक** 23.01.2025 **के पारित सभी निर्णयों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

मद सं0–04ः प्रोन्नति समिति की बैठक दिनांक 20.01.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार।

**निर्णयः** **सर्वसम्मति से, प्रोन्नति समिति की बैठक दिनांक 20.01.2025 के कार्यवृत्त को अनुमोदित किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के छूटे हुए आठ कर्मी एवं उसके साथ महाविद्यालय के छूटे हुए कर्मी को उच्चत्तर प्रमार की प्रोन्नति दिया जाय। साथ ही पदस्थापन रिक्ति उपलब्धता के आधार पर किया जाय। पदस्थापन के दिन से उच्चत्तर प्रभार का वेतन अनुमान्य होगा।**

**मद सं0 05** दिनांक 23.01.2025 को आयोजित वरीयता एवं वेतन निर्धारण समिति की बैठक की अनुशंसा पर विचार।

**निर्णयः** **सर्वसम्मति से, दिनांक 23.01.2025 को आयोजित वरीयता एवं वेतन निर्धारण समिति की बैठक की अनुशंसा को अनुमोदित किया गया।**

**मद सं0 6.** दिनांक 27.01.2025 को आहूत अधिषद् की बैठक के आयोजन पर विचार।

**निर्णयः** **अधिषद् की बैठक दिनांक 27.01.2025 के सम्पूर्ण कार्यवृत्त को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया तथा अभिषद् सदस्यों को कार्यसूची के विभिन्न मदों में प्रस्तावक के रूप में नामित किए जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। माननीय कुलपति महोदय का अधिषद् में प्रस्तुत होने वाले अभिभाषण को आंशिक संशोधन के साथ सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

अतिरिक्त मद सं0–01 : डॉ0 नेहा वर्मा, सहायक प्राचार्य, विश्वविद्यालय गणित विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्ववविद्यालय, दरभंगा को दिनांक 09.12.2024 से 31.03.2025 तक स्वीकृत असाधारण अवैतनिक अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय :** **सर्वसम्मति से डॉ0 नेहा वर्मा, सहायक प्राचार्य, विश्वविद्यालय गणित विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्ववविद्यालय, दरभंगा को दिनांक 09.12.2024 से 31.03.2025 तक विश्वविद्यालय ज्ञापांक C/DR-II/828-32/25 दिनांक 16.01.2025 के आलोक में स्वीकृत असाधारण अवैतनिक अवकाश की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।**



Scanned with OKEN Scanner

अतिरिक्त मद सं0–02 : विश्वविद्यालय के पूरे परिसर एवं सभी महाविद्यालयों में अग्नि सुरक्षा यंत्रों, सोलर पैनल, तड़ित चालक स्थापित करने पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 02, 03 तथा 04 सितम्बर, 2024 को सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ हुए बैठक की बिन्दु संख्या 07 में लिए गए निर्णय अनुसार अग्नि सुरक्षा यंत्रों, सोलर पैनल, तड़ित चालक उपकरणों को विश्वविद्यालय के सभी विभागों, संस्थानों एवं महाविद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर स्थापित किया जाय। महाविद्यालयों में उक्त कार्य केन्द्रीयकृत रूप में होगा तथा व्यय होने वाली राशि का भुगतान महाविद्यालय के खाता संख्या 01 से किया जायेगा।**

अतिरिक्त मद सं0–03 : दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा का सलाहकार समिति का कार्यवृत्त माननीय अभिषद् सदस्य के अनुमोदनार्थ उपस्थापित।

निर्णय : **दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, के सलाहकार समिति की 103वीं बैठक दिनांक 19.05.2024 एवं 102वीं बैठक दिनांक 12.06.2023 के कार्यवृत्त के पारित निर्णयों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

अन्यान्य मद सं0–01: डॉ0 अजय नाथ झा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव Directorate of Sports के बायलॉज एवं ऑर्डिनेन्स के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से, बायलॉज एवं ऑर्डिनेन्स को अनुमोदित किया गया। साथ ही निदेशालय के सलाहकार समिति में एक अभिषद् सदस्य/विभागाध्यक्ष/प्रधानाचार्य (इनमें से किसी एक) को जोड़े जाने की सहमति बनी, जिसे माननीय कुलपति महोदय द्वारा नामित किया जाएगा।**

अन्यान्य मद सं0–02: डॉ0 ए.पी.जे.अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में आठ शिक्षकों एवं लैब इन्सट्रक्टर के पद पर विज्ञापन के द्वारा दो माह के अन्दर बहाली किए जाने पर विचार।

निर्णय :**सर्वसम्मति से डॉ0 ए.पी.जे.अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में आठ शिक्षकों एवं लैब इन्सट्रक्टर के पद पर विज्ञापन के द्वारा दो माह के अन्दर बहाली की प्रक्रिया पूर्ण किए जाने का निर्णय लिया गया। उक्त कार्य से संबंधित सभी प्रस्ताव माननीय कुलपति महोदय के समक्ष अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने हेतु निदेशक डब्ल्यू0आई0टी0 को अधिकृत किया गया।**

अन्यान्य मद सं0–03: विश्वविद्यालय के अन्तर्गत कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को अनुबन्ध पर बहाल किए जाने पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों अनुबन्ध पर बहाल किए जाने हेतु सभी वैधानिक प्रक्रिया का अध्ययन करने हेतु एक जांच समिति का गठन किया जाय। जिसमें निम्न सदस्य नामित किए गए :–**

1. **प्रो0 नौशाद आलम, अभिषद् सदस्य – सदस्य**
2. **प्रो0 अशोक कुमार मेहता, अभिषद् सदस्य – सदस्य**
3. **डॉ0 अमर कुमार, अभिषद् सदस्य – सदस्य**



Scanned with OKEN Scanner

4. प्रो0 विजय कुमार यादव, अभिषद् सदस्य – सदस्य
5. उप–कुलसचिव प्रथम – सदस्य
6. उप–कुलसचिव द्वितीय – सदस्य
7. समन्वयक, महाविद्यालय विकास परिषद् – सदस्य
8. कुलसचिव – संयोजक

**समिति को निदेशित किया जाता है कि तीन माह के अन्दर अपना प्रतिवदेन समर्पित करेंगे।**

अन्यान्य मद सं0–04: शोध विश्वविद्यालय के रूप में नामित होने के कारण विश्वविद्यालय के विभिन्न लैबों में लैब इन्स्ट्रक्टर का संविदा/आउटसोर्स किए जाने पर विचार।

**निर्णय: सर्वसम्मति से, विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में संचालित लैब में लैब इन्ट्रक्टर का बहाली किए जाने हेतु रिक्तियों का अध्ययन एवं योग्यताओं का निर्धारण हेतु एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया जिसमें सदस्य नामित किए गए:–**

1. संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय – सदस्य
2. संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय – सदस्य
3. संकायाध्यक्ष, मानविकी संकाय – सदस्य
4. संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय – सदस्य
5. अध्यक्ष, छात्र कल्याण – सदस्य
6. कुलसचिव प्रथम – संयोजक

जांच समिति को प्रतिवेदन 15 दिनों के अन्दर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिया गया।

अन्यान्य मद सं0–05: डॉ0 अमर कुमार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव रहिका कॉलेज का **H.R.A.** मधुबनी महाविद्यालय के अनुरूप किए जाने पर विचार।

**निर्णय: सर्वसम्मति से, रहिका कॉलेज का H.R.A. मधुबनी महाविद्यालय के अनुरूप किए जाने के संबंध में नियमानुकूल निर्णय लिए जाने की सहमति बनी।**

अन्यान्य मद सं0–06: ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में दर्जा दिए जाने हेतु प्रस्ताव भेजने पर विचार।

**निर्णय: अभिषद् सदस्य डॉ0 गोपालजी ठाकुर ने कहा कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले भू–भाग नदियों से घिरा है। यहाँ के लगभग आठ करोड़ आबादी बाढ़ और सुखार का दंश झेलने को अभिशप्त है। सांस्कृतिक रूप से समुन्नत मिथिला के मध्य में अवस्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने से इस क्षेत्र को शैक्षणिक विकास तीव्र गति से होगा। अध्यक्ष महोदय ने सूचित किया कि देश के 35 शोध विश्वविद्यालयों में 32 केन्द्रीय विश्वविद्यालय है। अब जब कि मिथिला विश्वविद्यालय भी शोध विश्वविद्यालय घोषित हो चुका है, तो यह भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की अहर्ता को पूरा करने के करीब है। अंत में सर्वसम्मति से ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में दर्जा दिए जाने के प्रस्ताव को केन्द्र सरकार को भेजने हेतु**



Scanned with OKEN Scanner

**अनुमोदित करते हुए इस पर कार्य किए जाने हेतु माननीय सांसद सह अभिषद् सदस्य, डॉ0 गोपालजी ठाकुर, लोकसभा एवं माननीय सांसद सह अभिषद् सदस्य डॉ0 फैयाज अहमद को अग्रेत्तर कार्य किए जाने हेतु अधिकृत किया गया।**

अन्यान्य मद सं0–07: विश्वविद्यालय के अधीन डीन एकेडमिक नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर विचार।

**निर्णयः सर्वसम्मति से डीन एकेडमिक नियुक्त किए जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

बैठक के अन्त में कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को बैठक के सुचारु रुप से संचालन में सहयोग एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिये जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। तदुपरान्त, अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

(डॉ0 अजय कुमार पंडित)
कुलसचिव –सह–सचिव

(प्रो0 संजय कुमार चौधरी)
कुलपति –सह–अध्यक्ष

**ज्ञापांक:–** UB-807/25 **दिनांक:–** 25-01-2025

**प्रतिलिपि प्रेषित:–**

1. **अभिषद् के सभी माननीय सदस्य,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. **सचिव, उच्च शिक्षा,** बिहार, पटना;
3. **निदेशक, उच्च शिक्षा,** बिहार, पटना;
4. **उप–सचिव,** राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना;
5. **सभी पदाधिकारी,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
6. **नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट),** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
7. **कुलपति के सचिव / प्रति–कुलपति / वित्तीय परामर्शी / कुलसचिव के निजी सहायक,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;

**को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।**

25/01/2025
**कुलसचिव**

Scanned with OKEN Scanner